हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026

04 फायर स्टेशन बनाने 2 करोड़ का टेंडर अब तक जमीन...



07 सोहागपुर में 'ज़ीरो डिस्टेंस सेंटर्स' द्वारा समर्थन...





### एसडीएम ने रबी उपार्जन से पहले किया औचक निरीक्षण, स्टॉक में भारी गड़बड़ी

# वेयरहाउस घोटाले की आशंका से मचा हड़कंप, 800 क्विंटल गेहूं गायब मिला

जिले की शिवपुर तहसील अंतर्गत ग्राम कोठरा स्थित पंचमुखी वेयरहाउस में शासकीय गेहूं के भंडारण में गंभीर अनियमितता सामने आई है। निरीक्षण के दौरान करीब 800 क्विंटल गेहूं कम मिलने से प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

विधानसभा क्षेत्र की शिवपुर तहसील अंतर्गत ग्राम कोठरा स्थित पंचमुखी वेयरहाउस में शासकीय गेहूं के गायब होने का बड़ा मामला सामने आया है। करीब 800 क्विंटल (लगभग 1600 बोरी) गेहूं कम मिलने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है और पूरे घटनाक्रम ने भंडारण व्यवस्था की पारदर्शिता व निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### एसडीएम अपनी टीम साथ पहुंचे थे

मामले का खुलासा उस समय हुआ जब एसडीएम विजय राय अपनी टीम के साथ रबी उपार्जन प्रारंभ होने से पहले वेयरहाउस के निरीक्षण हेतु पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्टॉक में गड़बड़ी की आशंका होने पर वेयरहाउस को तत्काल सील कर दिया गया। तीन दिन बाद, सल्फास का प्रभाव समाप्त होने के पश्चात जब वेयरहाउस खोला गया और भौतिक सत्यापन के तहत स्टॉक की गिनती कराई गई, तो लगभग 1600 बोरी गेहूं कम पाया गया। इस गंभीर अनियमितता के बाद एसडीएम ने वेयरहाउस संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

#### गंभीर पहलुओं की आशंका

यह मामला केवल अनाज की चोरी तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसमें भंडारण व्यवस्था की कार्यप्रणाली, निगरानी तंत्र और संभावित मिलीभगत जैसे कई गंभीर पहलुओं की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी देखा जा रहा है कि कहीं स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक स्टॉक में लंबे समय से अंतर तो नहीं था, या फिर रिकॉर्ड में हेरफेर कर कागजों में स्टॉक पूर्ण दर्शाया जा रहा था। साथ ही वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, जैसे सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड और निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह भी जांच का विषय है कि इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं एक बार में गायब हुआ या इसे धीरे-धीरे बाहर किया गया, और क्या इसमें परिवहन से जुड़े लोगों की भी भूमिका रही है।

#### अन्य वेयरहाउसों की जांच कराने की दिशा में विचार

प्रशासन अब न केवल इस वेयरहाउस, बल्कि क्षेत्र के अन्य वेयरहाउसों की भी जांच कराने की दिशा में विचार कर रहा है, ताकि ऐसी किसी अन्य अनियमितता का समय रहते पता लगाया जा सके। साथ ही, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी तय करने और शासन को हुए नुकसान की भरपाई दोषियों से कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। फिलहाल, इस मामले ने सरकारी अनाज भंडारण प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है और जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सकेगी।

#### इनका कहना है

यह गेहूं पूर्व रबी सीजन 2025-26 का था। वेयरहाउस संचालक से पूछताछ किए जाने पर उसने मामले में अनभिज्ञता जाहिर की, जिससे संदेह और गहरा गया है। प्रशासन अब पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच में जुट गया है।

**विजय राय,** एसडीएम सिवनी मालवा

## 3 वर्ष से फरार 10 हजार का इनामी शातिर आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोतवाली थाना क्षेत्र में 29 अगस्त 2023 को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उसे फोन कर अश्लील बातें कर परेशान और छेड़छाड़ की जा रही है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी की पहचान भूरा गौर, निवासी बम्हनगांव कला, थाना डोलरिया के रूप में हुई। आरोपी घटना के बाद से लगातार करीब 3 साल तक फरार रहा और अपनी पहचान छुपाकर अलग-अलग शहरों में रह रहा था। मामला महिला से जुड़ा होने के कारण पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी साक्ष्य और सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन नागपुर (महाराष्ट्र) में ट्रेस की। इसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2011 में भी महिला संबंधी अपराध दर्ज था, जिसमें वह फरार चल रहा था। उस मामले में भी उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक संजय रघुवंशी, आरक्षक हरीश डिगरसे तथा साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एमपीसीए इंदौर द्वारा अंडर-15 बालिका वर्ग के लिए ओपन ट्रायल 27-28 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र क्रिकेट एसोसियशन (एमपीसीए) इंदौर द्वारा क्रिकेट सीज़न 2026-27 के लिए बालिका वर्ग अंडर-15 टीम चयन हेतु ओपन ट्रायल का आयोजन 27 एवं 28 मार्च 2026 को किया जा रहा है। यह जानकारी नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने दी।

उन्होंने बताया कि पात्रता मानदंड में चयन प्रक्रिया में वही बालिकाएं भाग ले सकती हैं जिनकी जन्म तिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच हो। यह ट्रायल केवल नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों की खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। खिलाड़ियों को 27 मार्च सुबह 9 बजे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। बाहर से आने वाली खिलाड़ियों को विशेष परिस्थिति में थोड़ी देरी से आने पर भी अवसर दिया जाएगा।

ट्रायल में भाग लेते समय प्रत्येक खिलाड़ी को अपने जन्म प्रमाण पत्र की एक फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य होगा। पहले दिन की चयन प्रक्रिया के बाद शॉर्टलिस्ट की गई खिलाड़ियों को आवश्यकता पड़ने पर ही दूसरे दिन 28 मार्च बुलाया जाएगा।

खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या आवास सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी। इस ट्रायल में एमपीसीए की महिला चयन समिति की सदस्य रेतवी जोशी और लीना पाखदे द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को आगे चलकर मध्य प्रदेश टीम की चयन प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

## तबादला: अभी छोटे थानों में फेरबदल हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को जिले के छोटे थानों में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने फेरबदल कर सख्त संदेश दिए कि जिन निरीक्षकों का आमजनता के प्रति प्रदर्शन ठीक नहीं होगा। उन्हें थानों की जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाएगी। सोमवार दोपहर को एसपी ने फेरबदल करते हुए 6 निरीक्षकों और 9 उप-निरीक्षकों की तबादला सूची जारी की गई है। इस सूची में जिले के सोहागपुर, रामपुर, केसला, पथरौटा, डोलरिया और अजाक थानों के प्रभारी बदले गए हैं। तबादले के तहत सोहागपुर थाना प्रभारी ऊषा मरावी को रक्षित केंद्र भेजकर उनकी जगह राहुल रायकवार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक राजेश दुबे को अजाक थाना और मदन पवार को केसला थाना प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक उमाशंकर यादव को पुलिस लाइन और प्रवीण चौहान को डोलरिया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार रामपुर थाना प्रभारी एसआई विपिन पाल को इटारसी भेजा गया है। डोलरिया थाना प्रभारी एसआई खुमान सिंह को देहात थाना भेजा गया है। पथरौटा थाना प्रभारी एसआई संजीव पवार को रामपुर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। देहात थाने में लम्बे समय से पदस्थ एसआई मोनिका गौर को पथरौटा थाना प्रभारी बनाया गया है। एसआई मोनिका गौर को जिले में दूसरी बार थाना प्रभारी बनाया गया है, इससे पहले वो केसला थाना प्रभारी रह चुकी हैं। इटारसी में पदस्थ कार्यवाहक एसआई केलाश नारायण रजक को शिवपुर थाना प्रभारी, शिवपुर थाना प्रभारी एसआई विवेक यादव को सेमरी हरचंद पुलिस चौकी प्रभारी, एसआई आकाशदीप पचाया को माखननगर थाना, एसआई सुरेश चौहान को शोभापुर पुलिस चौकी से इटारसी थाना, एसआई राहुल पटेल को इटारसी से शोभापुर पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है।

### पारंपरिक साड़ियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश

## नई पहल से नर्मदापुरम के बुनकरों को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मध्यप्रदेश के महेश्वर और चंदेरी क्षेत्र की पारंपरिक हथकरघा साड़ियों के माध्यम से स्थानीय बुनकरों के रोजगार को सशक्त करने के लिए एक नई पहल की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य बुनकरों की पारंपरिक कला को बढ़ावा देना और उन्हें उनकी सही पहचान तथा उचित आर्थिक लाभ दिलाना है। इंदौर की सामाजिक संस्था की फाउंडर सुनीता दुबे इस पहल का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका मायका नर्मदापुरम से होने के कारण वे इस क्षेत्र के बुनकरों को भी इस अभियान से जोड़ना चाहती हैं, ताकि स्थानीय कारीगरों को अधिक अवसर मिल सकें। सोमवार को कोरी घाट स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि महेश्वर घाट पर पहले एक प्रदर्शनी के माध्यम से पारंपरिक बुनाई को सामने लाने का प्रयास किया गया था। उनका कहना है कि वर्तमान समय में बाजार में कई साड़ियां ऐसी भी आ रही हैं जिनमें असली हथकरघा बुनाई की झलक नहीं मिलती, जिससे न केवल गुणवत्ता प्रभावित हो रही है बल्कि असली बुनकरों के रोजगार पर भी असर पड़ रहा है। इस पहल के तहत पारंपरिक और उच्च गुणवत्ता वाली साड़ियों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि बुनकरों को अधिक काम और बेहतर आय मिल सके। अब इस मुहिम को नर्मदापुरम तक विस्तार देने की तैयारी है, जिससे यहां के बुनकर भी इससे जुड़ सकें। संस्था का मानना है कि यदि अधिक से अधिक लोग पारंपरिक साड़ियों को अपनाएंगे तो इससे भारतीय संस्कृति को मजबूती मिलेगी और बुनकर समुदाय की आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी। इस अभियान में नेहा तिवारी और प्रिया तिवारी भी सहयोग कर रही हैं।

## कृषि उदय एक्सपो में मौसम विज्ञान विभाग का स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




बुधनी में आयोजित कृषि उदय एक्सपो 2026 के अवसर पर विश्व मौसम दिवस के उपलक्ष्य में भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा एक विशेष स्टॉल लगाया गया है। यह एक्सपो 25 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, नागरिक और छात्र भाग ले रहे हैं। इस स्टॉल के माध्यम से विभाग द्वारा आधुनिक मौसम पूर्वानुमान प्रणाली, उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के चार्ट, पोस्टर और वैज्ञानिक उपकरणों के जरिए मौसम की जानकारी किस प्रकार एकत्रित की जाती है और उसे आम जनता तक कैसे पहुंचाया जाता है, यह विस्तार से समझाया जा रहा है। स्टॉल पर मौजूद विशेषज्ञ वीरेंद्र सिंह यादव एवं अभिजित चक्रबोर्ति द्वारा आगंतुकों को मौसम विभाग की कार्यप्रणाली, मौसम पूर्वानुमान की सटीकता, और कृषि में मौसम की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। विशेष रूप से किसानों को यह बताया जा रहा है कि सही समय पर मौसम की जानकारी प्राप्त कर वे अपनी फसलों की बेहतर योजना बना सकते हैं और नुकसान को कम कर सकते हैं। विश्व मौसम दिवस के अवसर पर यह पहल लोगों को मौसम विज्ञान के महत्व के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस तरह के प्रयास न केवल किसानों के लिए उपयोगी हैं, बल्कि छात्रों और आम नागरिकों को भी विज्ञान के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

### वार्ड 17 में नपाध्यक्ष ने कराया सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ



**नर्मदापुरम।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा सोमवार को वार्ड क्रमांक 17 में सीसी रोड का कार्य प्रारंभ कराया गया। मशीनरी की पूजन अर्चन के बाद नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि यह सड़क वार्ड के लिए सबसे महत्वपूर्ण थी। इस सड़क के बन जाने से यहां के नागरिकों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूर्ण कराएं। कार्य प्रारंभ के दौरान नपाध्यक्ष नीतू यादव के साथ ही विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, कार्य प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी, पार्षद राहुल गौर, सुनील गोरे, कपिल चौहान सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।



### राज्यसभा सांसद ने इंडिया स्वदेशी तकनीक पर दिया जोर

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संसद में भारत की बढ़ती एआई क्षमताओं और इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन ऑन एआई इम्पैक्ट को वैश्विक समर्थन मिलने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की डिजिटल प्रगति और स्वदेशी एआई मॉडल्स जैसे भारत गेन, परम-2 और सर्वम एआई की सराहना की। मध्य प्रदेश को एआई हब बनाने और एआई-आधारित शासन की दिशा में आगे बढ़ने का उल्लेख किया गया। उन्होंने डेटा संप्रभुता, गोपनीयता, कंप्यूटिंग संसाधन और इंडिया एआई मिशन के तहत स्पष्ट रोडमैप की मांग की। समग्र एआई विकास आवश्यक।

### 27 मार्च से हरदा, 1 अप्रैल से तवा नहर संभाग सिवनी मालवा, 5 अप्रैल से इटारसी तथा 8 अप्रैल से सोहागपुर के लिए नहरों से पानी छूटेगा

**नर्मदापुरम।** कमिश्नर कार्यालय में सोमवार को नर्मदापुरम संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च 2026 को तवा नहर में पानी प्रवाहित किया जाएगा। तवा नहर संभाग सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडिया उपनहर, मिसरोद उपनहर के लिए 1 अप्रैल 2026 से, तवा परियोजना संभाग इटारसी (सुपरली, इटारसी, होशंगाबाद उप नहर) के लिए 5 अप्रैल 2026 से तथा पिपरिया शाखा नहर संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से किसानों की मांग के अनुसार 8 अप्रैल से जल प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना ने बताया कि तवा बांध में 865 एमसीएम/ 1143.30 फिट पानी है जिसमें से 771 एमसीएम पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध रहेगा। कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने नहरों की सुरक्षा के लिए पुलिस, जल संसाधन विभाग के अमले, राजस्व विभाग के अमले एवं एमपीबी के अमले को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी आशीष खरे, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, नर्मदापुरम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीना, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ऑनलाईन उपस्थित रहे।

### किसानों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

# नरवाई प्रबंधन को लेकर नर्मदापुरम में उच्च स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागार में सोमवार को नरवाई (पराली) प्रबंधन एवं फसल अवशेषों से होने वाली आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. सीताशरन शर्मा ने की। बैठक में किसानों के हितों, पर्यावरण संरक्षण तथा आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

#### किसी भी किसान को परेशान न किया जाए: डॉ शर्मा

विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि नरवाई जलाना न केवल पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि यह किसानों की वर्षों की मेहनत को भी पलभर में नष्ट कर देता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, किंतु किसी भी निर्दोष किसान को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।



#### आगजनी रोकने महत्वपूर्ण निर्देश

बैठक में आगजनी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक सुझाव और निर्देश दिए गए, जिनमें प्रमुख रूप से भूसा मशीनों के संचालन का समय निर्धारित करते हुए इसे केवल सुबह 10-11 बजे से पहले एवं शाम 6 बजे के बाद तक सीमित रखने पर जोर दिया गया, ताकि गर्मी के समय आग लगने की आशंका कम हो सके। खेतों में बिजली आपूर्ति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक समय पर विद्युत प्रवाह बंद रखने के निर्देश दिए गए। सभी ट्रैक्टरों में फायर फाइटिंग पंप अनिवार्य रूप से लगाने और उनकी नियमित जांच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। ट्रैक्टर एवं वाटर टैंकरों को सदैव क्रियाशील एवं तैयार अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए। कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन हेतु रोटावेटर एवं बख्खर जैसे आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी। भूसा मशीनों के साथ पर्याप्त जल व्यवस्था सुनिश्चित करने को अनिवार्य बताया गया। ईंट भट्टों एवं फीड मिल जैसे बड़े उपभोक्ताओं से समन्वय स्थापित कर भूसे के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। शहरी क्षेत्रों से लगे गांवों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम जय सोलंकी ने कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप नियमित समीक्षा बैठकों की जानकारी दी। साथ ही प्रत्येक ग्राम में वाटर टैंकरों की उपलब्धता, आपातकालीन स्थिति में किसानों की पारस्परिक सहायता व्यवस्था तथा सीएचसी केंद्रों पर उपलब्ध कृषि उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया गया।

#### सभी रिपोर्ट दो दिनों में प्रस्तुत करे

जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसेने पंचायत स्तर पर फायर फाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आगामी दो दिनों में सभी संसाधनों की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं, अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नरवाई प्रबंधन को एक लाभकारी और व्यवस्थित व्यवसाय के रूप में विकसित करने के सुझाव भी रखे। अंत में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने कहा कि यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि किसानों की सुरक्षा, उनकी आजीविका और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि दिए गए सभी निर्णयों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा भी मौजूद रहे।

## कला से युद्ध के खतरों और मानवीय संवेदनाओं को उकेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध में जहां मिसाइल और क्लस्टर बमों के धमाकों के बीच किसी की आवाज़ सुनाई नहीं दे रही है, वहीं युद्ध के मैदान से हजारों किलोमीटर दूर भारत के छोटे से गांव सुपरली के कलाकार योगेंद्रपाल सिंह सोलंकी अपनी कला के माध्यम से युद्ध के खतरों और मानवीय संवेदनाओं को उकेर रहे हैं। उन्होंने पहले जलीय जीवन पर युद्ध के दुष्प्रभाव को डॉलफिन मछली के माध्यम से दर्शाया था, और अब शांति के प्रतीक सफेद कबूतर के जरिए विश्व के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों-रूस के राष्ट्रपति, चीन के प्रधानमंत्री, फ्रांस के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं इंग्लैंड के प्रधानमंत्री-को युद्ध रोकने का संदेश दिया है। यह अनोखी कला विभिन्न प्रकार के अनाजों के दानों से तैयार की गई है, जिनमें धान, गेहूं, राजगिरा, रागी, अलसी, तिल, खसखस आदि का प्रयोग किया गया है। इस कला के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि युद्ध का दुष्प्रभाव केवल मानव जीवन पर ही नहीं, बल्कि अन्न और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ता है। अन्न ही मानव जीवन का आधार है, इसलिए अन्न की सुरक्षा और मानवता के संरक्षण के लिए युद्ध का रुकना अत्यंत आवश्यक है।

**खबर संक्षेप**

## मक्का से भरी ट्रॉली को डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के तेड़ा जोड़ के पास भोगीटेड़ा नाले के समीप बीती रात तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में 45 वर्षीय पर्वत गुलबराव की मौके पर ही मौत हो गई। वे सांवगी, आठनेर के निवासी थे और एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते थे। सोमवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, सेहरा निवासी करण अमरूते ट्रैक्टर-ट्रॉली में मक्का भरकर बैतूल कृषि मंडी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और करण अमरूते गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद डंपर चालक केबिन में फंस गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। 112 वाहन से जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही सामने आई है।

## खराब फसलों का सर्वे कर मुआवजे की मांग

**बैतूल।** चिचोली में ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व नव नियुक्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष यादव और शहर अध्यक्ष विजय आर्य ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आसामयिक वर्षा से क्षेत्र में खराब हुई फसलों का सर्वे कर किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा देने की मांग की है।

### टेंडर होने को दो माह बीते, जमीन का पेंच बरकरार

# फायर स्टेशन बनाने 2 करोड़ का टेंडर अब तक जमीन नहीं ढूंढ पाई नपा




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

नया फायर स्टेशन बनाने के लिए नगरपालिका अभी तक जमीन ही तय नहीं कर पाई है। नगरपालिका ने फायर स्टेशन और आईएसबीटी के लिए पहले बैतूल-इंदौर हाइवे पर करबला के पास स्थित करीब 11 एकड़ जमीन उपयुक्त मानते हुए प्रक्रिया शुरू की थी। योजना के तहत 9 एकड़ में आईएसबीटी और 2 एकड़ में फायर स्टेशन बनाया जाना था। लेकिन जमीन नगरपालिका को हैंडओवर होने से पहले ही मामला विवादों में आ गया। इस जमीन को लेकर मंदिर से जुड़े लोगों ने कमिश्नर कोर्ट नर्मदापुरम में अपील दायर कर दी। इसके बाद नपा ने जामठी क्षेत्र में जमीन देखी। नपा ने आरसीएमएस पोर्टल पर जमीन की मांग को लेकर आवेदन भी कर दिया है। लेकिन अभी तक यह जमीन भी नगरपालिका को नहीं मिली है। जबकि अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक (नए फायर स्टेशन) बनाने के लिए करीब 2 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए और टेंडर होने के साथ जनवरी में ठेका कंपनी को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। किन्तु विडंबना यह है कि टेंडर होने के दो महीने बाद भी बैतूल नगरपालिका के जिम्मेदार अफसर यह तय नहीं कर पाए हैं कि फायर स्टेशन किस जमीन पर बनेगा? हालांकि जमीन तय होने के बाद ही फायर स्टेशन निर्माण शुरू हो सकेगा। जमीन को लेकर विवाद और देरी के कारण दोनों प्रोजेक्ट में समय लगने की संभावना है।

### नपा परिसर में खड़ी रहती है फायर ब्रिगेड

वर्तमान में फायर ब्रिगेड नगरपालिका परिसर में खड़ी होती है। हद तो यह है कि इनमें पानी भरने के लिए आधा किमी दूर जाना पड़ता है। भीषण आग के समय जब एक- एक सेकंड कीमती होता है, तब बैतूल नपा की गाडिय़ां पानी की तलाश में दौड़ती हैं। बड़ी घटनाओं के लिए आज भी पड़ोसी निकायों से फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ती है। बता दे कि शहर में गर्मी की तपिश के साथ आगजनी का खतरा बढ़ गया है, लेकिन जनता की सुरक्षा को लेकर नगरपालिका का रवैया बेहद ठंडा है। टेंडर जारी होने के 2 माह बाद भी नगरपालिका के अफसर जमीन तय नहीं कर पाए हैं। नपा अब जामठी क्षेत्र में फायर स्टेशन बनाने की संभावना तलाश रही है। उपयंत्री नागेंद्र वागद्रे ने बताया फायर स्टेशन के लिए जामठी में जमीन देखी है। आरसीएमएस पोर्टल पर जमीन की मांग को लेकर आवेदन भी कर दिया है।

### 36 आधुनिक फायर स्टेशन में बैतूल भी शामिल

अग्निशमन सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रदेश के नगरीय निकायों में करीब 400 करोड़ रुपए से 36 आधुनिक फायर स्टेशन बनाए जाने हैं। इसमें बैतूल को भी शामिल किया गया है। इन फायर स्टेशनों में आधुनिक फायर गाडिय़ां और अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि आगजनी की घटनाओं पर जल्दी नियंत्रण पाया जा सके। इसी योजना

### ग्रीष्मकाल में होती है अधिक आगजनी

आग लगने की घटनाएं गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा होती है। खासकर शहर के भीतर और ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटना होने पर बैतूल नगरपालिका की दमकल वाहन ही मौके पर पहुंचते है। कई बार लाइन के तार टूटने, आपस में टकराकर फाल्ट होने, जलती हुई बीडी-सिगरेट फेकने सहित अन्य कारणों से आग लगने की घटनाएं सामने आती है। जिसे नियंत्रित करने का काम नगरपालिका के दमकल वाहन करते है। रबी फसल की कटाई के चलते कटी हुई फसल खलिहानों में किसान एकत्रित करते हैं। घास की गंजियां भी खलिहान परिसर के समीपस्थ लगी रहती हैं। खलिहान अक्सर ऐसे स्थानों पर होते हैं जहां थ्रेसिंग के लिए बिजली लाइन की सुविधा समीप में होती है। ऐसे में आग लगने का खतरा बना रहता है।

### तीन फायर वाहन नपा के पास, 7.5 हजार लीटर क्षमता

नगरपालिका के पास दो बड़ी फायरब्रिगेड हैं। इनकी पानी स्टोरेज क्षमता 3.5 हजार लीटर है। वहीं छोटी क्विंक रिस्पांस व्हीकल भी है, जिसकी पानी स्टोरेज क्षमता केवल 500 लीटर है। इस तरह तीनों वाहनों की कुल क्षमता केवल 7.5 हजार लीटर है। पानी स्टोरेज क्षमता बेहद कम होने के कारण फायर वाहनों को कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। भीषण आग लगने पर चंद मिनटों में पूरा पानी खत्म हो जाता है और फायर वाहनों को दोबारा पानी भरने के लिए पहुंचना पड़ता है। जिसमें समय भी लगता है। ऐसे में आगजनी के दौरान बड़ा नुकसान होने की संभावना बनी रहती है। लेकिन इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं है।

### प्रक्रिया चल रही है

फायर स्टेशन के लिए जामठी में जमीन देखी है। आरसीएमएस पोर्टल पर जमीन की मांग को लेकर आवेदन भी कर दिया है। प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही जमीन आवंटित होगी, नया फायर स्टेशन बनाने का काम शुरू कर दिया जायेगा।

**नागेन्द्र वागद्रे**
सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

## ममता मालवी एवं अतीत पंवार सहित संतोष टेकाम का स्वागत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, पिछडा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार एवं अनुसूचित जन जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम ने अपने अपने मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। घोषित महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति में बैतूल जिले से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवी को प्रदेश मंत्री, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा का अतीत पंवार को प्रदेश मंत्री एवं संतोष टेकाम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया सेंटर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश भाजपा मोर्चो में प्रदेशमंत्री के दायित्व मिलने पर ममता मालवी एवं अतीत पंवार सहित संतोष टेकाम को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर बधाई दी एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रेषित किया है। इस अवसर जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक गंगा उइके, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, रश्मि साहू, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सलूजा, सह कोषाध्यक्ष कमलेश राठौर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अशोक पानसे, पूर्व जिलाउपाध्यक्ष आनंद प्रजापति, शंकरराव चढोकार, सतीश बडोनिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वरसिंह चंदेल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे, पिछडा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजू सोलंकी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जनपद अध्यक्ष इमला जावलकर, मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सांदीपनी स्कूल शाहपुर का लोकल कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित




**शाहपुर।** सांदीपनी स्कूल की कक्षा नवी और ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 23 मार्च सोमवार को शाम 4 बजे घोषित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 9वी का टोटल परिणाम 34.8 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा ग्यारहवीं का टोटल परिणाम 77.8 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 9वी में 212 विद्यार्थियों में से 73 विद्यार्थी सफल रहे। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं के सभी संकायों में 253 विद्यार्थियों में से 197 विद्यार्थी सफल रहे। कक्षा ग्यारहवीं के कला विषय का परिणाम 123 विद्यार्थी में से 86 विद्यार्थी सफल रहे। कृषि संकाय में 42 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थी सफल रहे। कॉमर्स संकाय में 17 विद्यार्थियों में सभी 17 विद्यार्थी सफल हुए। गणित संकाय में 38 विद्यार्थियों में से 32 विद्यार्थी सफल रहे। जीव विज्ञान संकाय में 33 विद्यार्थियों में से 29 विद्यार्थी सफल रहे। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय की प्राचार्य और शिक्षक, शिक्षिकाओं के द्वारा शुभकामनाएं दीं।

# शहीद दिवस पर निकाला पैदल मार्च, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

### जहां ऐसे क्रांतिकारियों ने जन्म लिया वहां जन्म लेना सौभाग्य की बात




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

शहीद दिवस के अवसर पर खेल मंत्रालय भारत सरकार और द्वारा सोमवार को कारगिल चौक पैदल मार्च निकाला गया करगिल चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए मेरा युवा भारत प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम पूर्व कैप्टन पुरुषोत्तम सूर्यवंशी, पूर्व सूबेदार जगदीश गावंडे, पूर्व सूबेदार संतोष चौधरी के आतिथ्य में और जिला अधिकारी मेरा युवा भारत सुषमा गवली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यात्रा में जोश व जज्बे के साथ युवा प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिन्होंने भारत माता सुखदेव, भगत सिंह राजगुरु अमर रहे, भारत माता की जयघोष के नारे लगाए। समापन स्थल पर यात्रा पहुंचने पर सुखदेव, भगत सिंह, राजगुरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर सुषमा गवली ने बताया कि युवाओं को देशभक्ति और महापुरुषों के चरित्र को अमल करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शहीद दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसका आज समापन किया गया। 21 मार्च को रील कंपटीशन, 22 मार्च को स्वच्छता व सैनिक सम्मान और आज 23 मार्च को पदयात्रा का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जिसमें बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरुषोत्तम सूर्यवंशी ने कहा की भारत पर जन्म लेना सौभाग्य की बात है जहां पर सुखदेव, भगत सिंह व राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों जन्म हुआ है। कार्यक्रम का संचालन धनंजय सिंह ठाकुर ने व आभार ग्रीन आर्मी युवा मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र पवार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संतोष चौधरी ने सैनिक संबंधी जानकारी से अवगत कराया व प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व सैनिक संघ सचिव हरिराम पवार, सचिव सैनिक संघ सुशील उदयपुरे डॉ.महेश गुंजेले, संजय पप्पी शुक्ला, राम नारायण शुक्ला, राधे लाल बनखेड़े, रोशन कनाठे, संजय पंडाग्रे, मनीष धुर्वे, प्रतीक्षा जांगड़े, नंदिनी नामदेव, निमिष मालवीय, डॉ.सागर बिनझाड़े, अखिलेश खडि?า, अभिषेक नामदेव, पायल माहवरे, अनिकेत परिहार, निकिता धुर्वे आदि मौजद थे।

## आयुष्मान आरोग्य नियमित रूप से कर रहा जागरूकता गतिविधियां

**बैतूल।** जिले में आयुष विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को आयुष चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बैतूल बाजार द्वारा नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पहला सुख निरोगी काया के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में जन-जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह गतिविधियाँ कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जाधव के मार्गदर्शन में संचालित हो रही हैं।कार्यक्रम के सफल संचालन में होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार मोहने, डॉ. प्रीतिबाला पाटनकर, डॉ. राजेश जाधव तथा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता महाढुले, डॉ. शारदा चौधरी और डॉ. अतुल राय की सक्रिय भूमिका रही है। आयुष पद्धतियों के चिकित्सकों द्वारा स्कूलों में आयोजित कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चों को आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या, ऋतुचर्या, योगाभ्यास, प्राणायाम, स्वच्छता एवं संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बदलते पर्यावरण, बढ़ते स्क्रीन टाइम और आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत युवाओं और बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय बताए जा रहे हैं, वहीं वृद्धजनों के लिए वयोमित्र एवं बेहतर संतति के लिए सुप्रजा॰जैसे विशेष प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसके अलावा मस्क्यूलो-स्केलेटल समस्याओं से ग्रसित लोगों को भी आयुष पद्धति से उपचार और जागरूकता प्रदान की जा रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अब तक आयुर्विद्या से 1361, मस्क्यूलो-स्केलेटल डिसऑर्डर के 222, वयोमित्र के 235 एवं सुप्रजा के 179 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। इस प्रकार कुल 1997 लोगों को कार्यक्रम का लाभ मिला है। आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में लगातार प्रयासरत हैं। विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इन कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# चैत्र नवरात्रि: 50 वर्षों से सजी मां बिजासन माई की चौकी, आज से मेला होगा शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा**



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र की आस्था का केंद्र मां विजासन देवी मंदिर एक बार फिर श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर होने जा रहा है। करीब पांच दशक से अधिक समय से निरंतर आयोजित हो रहा मां विजासन माई मेला इस वर्ष 23 मार्च सोमवार से प्रारंभ होकर 29 मार्च रविवार तक आयोजित किया जाएगा।

वर्षों पुरानी यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी जीवंत उदाहरण बन चुकी है। मंदिर से जुड़ी लोक मान्यताओं के चलते नवरात्रि के दौरान यहां दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मां विजासन देवी के प्रति गहरी आस्था के कारण प्रतिवर्ष इस अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है, जो समय के साथ और अधिक व्यापक स्वरूप लेता गया है। मेला समिति के अध्यक्ष सुधीर नायक एवं उपाध्यक्ष जय किशोर मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी गई है, जिससे मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेले के अंतर्गत सप्ताहभर विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 24 मार्च को क्षेत्रीय स्तर की बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें ग्रामीण अंचल के प्रतिभागी अपनी पारंपरिक कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके पश्चात 25 एवं 26 मार्च को दो दिवसीय बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा अपने चरम पर रहेगी। प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं।

### 28 मार्च को रामसत्ता का आयोजन


28 मार्च शनिवार को प्रातःकालीन बेला में रामसत्ता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी दिन बड़े बजरंग मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जहां हजारों श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। मेले का समापन 29 मार्च को सांस्कृतिक आयोजनों के साथ होगा, जिसमें शिवम इवेंट ग्रुप द्वारा म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भजन, गीत-संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### 50 वर्षो से आयोजित हो रहा मेला

करीब 50 वर्षो से अधिक समय से निरंतर आयोजित हो रहा यह मेला समय के साथ अपनी भव्यता और लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि करता गया है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ इसमें पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूले और बाजार भी शामिल हो चुके हैं, जो इसे क्षेत्र का प्रमुख वार्षिक उत्सव बनाते हैं। अध्यक्ष सुधीर नायक ने कहा कि यह मेला क्षेत्र की आस्था और एकता का प्रतीक है, जिसे सफल बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। वहीं उपाध्यक्ष जयकिशोर मिश्रा ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने एवं व्यवस्थाओं में सहयोग करने की अपील की है।

### दिनेश खुराना ने दुनिया को कहा अलविदा...

## कैंसर की बीमारी के चलते हुआ निधन,गंज में हुई अंत्येष्टि



**बैतूल।** सालों के कैलेंडर मुंह जबानी याद रखने वाले बैतूल के दिनेश खुराना ने शनिवार को दुनिया को अलविदा कह दिया। श्री खुराना अपने मे कई खूबी रखते थे। उन्हें किसी भी महीने की तारीख व दिन को पता करने के लिए कलेंडर पलटने की जरूरत नहीं होती थी। वे पलक झपकते ही सबकुछ बता देते थे। यहा तक देश विदेश में होने वाली घटनाएं तक उन्हें तारीख और दिन के साथ याद रहती थी। दोस्तों की शादी से लेकर उनके बच्चों के जन्मदिन तक याद थे। उनकी इस याददाश्त के सभी कायल थे। राजनीतिक क्षेत्र में भी उनका दखल था स्वर्गीय श्री विनोद दादा जी का विधायक बने थे और मुन्नी भैया यानी विजय कुमार खंडेलवाल कब सांसद उसकी तारीख और दिन भी उन्हें याद था कई बार ऐसी मौके भी आए जब उन्होंने अपने दोस्तों को ही उनकी शादी की तारीख और दिन बताकर चौंका दिया था अपनी इस याद्दाश की बदौलत बैतूल शहर में प्रसिद्धि बटोर चुके थे लेकिन वह आप इस दुनिया में नहीं है उन्होंने एक दिन चर्चा में इस बात का खुलासा किया था। उनका कहना था व्यवसाय से जुड़े होने के कारण हर बात याद रखनी प?ती थी, इसलिए आदत में आ गया और कलेंडर को याद रखने की एक ट्रिक है, इसकी बदौलत वे दिन और तारीख बता देते हैं। डॉ भी उनकी इस याददाश्त को लेकर कहते थे कि किसी व्यक्ति में याद रखने की प्रवत्ति तेज होती है। इसके कारण उन्हें सबकुछ याद रहता है।

### श्री हनुमत कथा महोत्सव पंचम दिवस, कथा सुनने भक्तों की उमड़ रही भीड़

# मनुष्य को अपने कीर्ति की रक्षा करना चाहिए: पं शुक्ल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

भगवान श्री राम ने वानरों को सीता का पता लगाने के लिए भेजा और ए वानर समुद्र किनारे तक तो पहुंच गये किन्तु संपाती ने बताया कि सीता सौ योजन सागर के उस पार अशोक वाटिका में बैठी हैं जो समुद्र पार कर जाएगा उसे उनका दर्शन हो जाएगा। सारे वानरों ने अपने अपने बल का वर्णन किया किंतु सौ योजन तक जाने में कोई समर्थ नहीं हो सका। युवराज अंगद ने घोषणा किया मैं सागर पार तो जा सकता हूं किन्तु वापस लौटने में संदेह है। वस्तुतः समारा अभिमान ही सागर है और जिसमें मैं पना भरा हुआ है वह अभिमान सागर को नहीं पार कर सकता। इन वानरों ने निज निज बल सब काहू भाखा।

अपने अपने बल का वर्णन किया अपने बल से कोई अभिमान सागर कैसे पार करेगा यह अभिमान समुद्र तो भगवान के बल और उनकी कृपा से ही पार किया जा सकता है। अंत में जामवंत ने हनुमान को जगाया जिसने अपने मान अभिमान और अपमान से मुक्ति पा लिया हो वही हनुमान है। हनुमान जी जब भगवान श्री राम को हृदय में धारण करके लंका की ओर प्रस्थान करते हैं तो मार्ग में उनके सामने चार बाधाएं आईं। वस्तुतः साधना के मार्ग में यही चार बाधाएं हर साधक के सामने आती है जो इन्हें पार कर जाता है उसे ही आदिशक्ति सीता का दर्शन होता है। पहली बाधा के रूप में मैनाक पर्वत आया यह स्वर्ण का पर्वत है और हनुमान के पिता पवन देव का मित्र है। जब इंद्र ने पर्वतों के पंख काटने शुरू किए तो पवन देव ने इसे उड़ाकर सागर के गहरे जल में छिपा दिया। उसने पिता का ऋण चुकाने के लिए इन्हें पीठ पर बिठाना चाहा किन्तु हनुमान ने प्रणाम करके उसे विदा कर प्रकार लोभ पर विजय प्राप्त किया।दूसरी बाधा के रूप में सुरसा आई क्योंकि हनुमान ने लोभ के स्वरूप मैनाक पर विजय पाया है। मनुष्य जब लोभ को जीत कर त्याग के मार्ग पर चलना प्रारंभ करता है तो कीर्ति मिलती ही है। देवताओं के द्वारा भेजी गई सुरसा नागों की माता है इसे देवताओं ने हनुमान जी की परीक्षा लेने भेजा है। लंका जैसे नगर में विश्व विजेता रावण से सामना होगा अतः हनुमान के बुद्धि और बल का अनुमान करना आवश्यक है। सुरसा ने आकर कहा देवताओं ने मुझे तेरा भक्षण करने भेजा है मैं तुम्हें खाऊंगी। हनुमान ने आग्रह किया माता पहले सीता जी का पता लगाकर मैं राम को



बता दूं फिर मुझे खाना लेकर उसने खाने के लिए एक योजन मुंह फैलाया तो हनुमान तुरंत 2 योजन हो गये। उसने चार योजन बढ़ाया तो हनुमान आठ योजन हो गये। अंत में सुरसा ने 100 तक मुंह फैलाया बस हनुमान जी तुरंत छोटे से बन गये और उसके मुंह में जाकर वापस आ गए। सुरसा बडी प्रसन्न हुई उसे हनुमान जी के बल और बुद्धि का पता चल गया आशीर्वाद देकर वह देवलोक चली गई। आध्यात्मिक दृष्टि से सुरसा हमारी कीर्ति है इसीलिए लिए हनुमान जी ने इसे मारा नहीं जबकि यही कार्य करने पर सिंहिका और लंकिनी पर प्रहार कर दिया था। मनुष्य को कीर्ति का विनाश नहीं करना चाहिए क्योंकि कीर्ति हमसे सत्कर्म कराती है। कीर्ति के लोभ में ही तो मनुष्य अच्छे काम करता है इसलिए मनुष्य को अपने कीर्ति की रक्षा करना चाहिए लेकिन जब हमारी कीर्ति सौ योजन हो जाय तो हमें हनुमान जैसे छोटा बन जाना चाहिए। बस इस प्रकार साधक कीर्ति पर विजय पा लेगा। तीसरी बाधा के रूप में सिंहिका आई। ए सागर के गहरे जल में रहती है और आकाश में उडऩे वाले प्राणी को खा लेती है। इसने हनुमान को भी खाने का प्रयास किया किंतु हनुमान जी ने सिंहिका को मार डाला क्योंकि यह हमारे जीवन की ईर्ष्या है कीर्ति को बचा कर रखना चाहिए लेकिन ईर्ष्या का तो समूल नाश ही कर देना चाहिए। यह ऊपर उठने वाले को खा लेती है यही कार्य तो ईर्ष्या भी करती है। ईर्ष्या नीचे वाले से नहीं होती यह ऊपर उठने वाले को गिराती है। इस प्रकार हनुमान जी ने तीसरी बाधा ईर्ष्या का नाश किया। चौथी बाधा के रूप में लंकिनी मिली जो कि लंका के सिंहद्वार पर रखवाली करती है। इसने हनुमान को चोर घोषित कर दिया और बोली मैं तुम्हें खा जाऊंगी बस एक मुष्टिका प्रहार करके हनुमान ने इसकी दृष्टि बदल दिया।

**खबर संक्षेप**

## श्रद्धा के साथ मनाई महाराज निषादराज जयंती

**इटारसी।** शहर के द्वारिकाधीश बड़े मंदिर में महाराज निषादराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त निषादराज का पूजन-अर्चन कर उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए कृषि उपज मंडी विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने पूजा-अर्चना कर सभी समाजजनों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाराज निषादराज का जीवन हमें सेवा, समर्पण और सच्ची मित्रता की प्रेरणा देता है। इस दौरान हरीश केवट, प्रकाश पहलवान, कन्हैया रायकवार, कैलाश रायकवार और महेश रायकवार सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई प्रेषित की।

## सिवनी मालवा में समीक्षा बैठक आयोजित

**सिवनी मालवा।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की।

### सोहागपुर खाद्य विभाग ने नर्मदापुरम जिला प्रशासन को भेजा है 22 केंद्रों का प्रस्ताव

# सोहागपुर में 'ज़ीरो डिस्टेंस सेंटर्स' द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तैयारी

सोहागपुर तहसील में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए जीरो डिस्टेंस कॉन्सेप्ट लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 22 केंद्रों का प्रस्ताव भेजा है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर तहसील क्षेत्र में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी पूरी तरह जीरो डिस्टेंस कॉन्सेप्ट आधार पर करने का प्रयास किया जा रहा है। तथा सोहागपुर खाद्य विभाग ने स्थानीय प्रशासनिक मुखिया के आदेश पर 22 केंद्र बनाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा है। प्रस्ताव के अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि लगभग एक दशक पूर्व तक सोहागपुर ब्लॉक सहित नर्मदापुरम् जिले के अधिकतर ब्लॉक में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी खेतों में अथवा खुले स्थलों पर की जाती थी। कुछ ही केंद्र ऐसे थे जहां पर्याप्त स्टॉकिंग सुविधा थी व शासकीय वेयरहाउस या मंडी व उपमंडियों के परिसरों में गेहूं खरीदी की जाती थी। लेकिन अब स्थिति बदली है तथा प्रशासन द्वारा जीरो डिस्टेंस कॉन्सेप्ट पर आधारित समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी को वरीयता तथा प्राथमिकता दी जा रही है। जिसके तहत सोहागपुर तहसील में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए आगामी सीजन में 22 केंद्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा गया है। सोहागपुर खाद्य विभाग द्वारा एसडीम प्रियंका भलावी के निर्देशानुसार तथा मैपिंग उपरांत केंद्रों के प्रस्ताव की सूची जिला प्रशासन को भेजी गई है। मामले में सोहागपुर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अमित साहू ने बताया कि सूची में उल्लेखित केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया है व नर्मदापुरम् कलेक्टर द्वारा सूची के अनुमोदन की प्रतीक्षा है। जिसके बाद केंद्रों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

### परिवहन में होती है सुविधा

उल्लेखनीय है कि जीरो डिस्टेंस कॉन्सेप्ट वह प्रक्रिया है जिसमें निजी या शासकीय वेयरहाउस के परिसर में ही उपज खरीदी की जाती है। इससे उपज को एक स्थल से दूसरे स्थल तक परिवहन करने की परेशानी नहीं होती। परिसर में ही गेहूं के स्टैग बनाए जाते हैं, जिन्हें बड़ी आसानी से वेयरहाउस के अंदर ही रख दिया जाता है। इस तरह परिवहन में होने वाले करोड़ों रुपए के व्यय की बचत होती है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जिन 22 केंद्रों के प्रस्ताव भेजे गए हैं, वे सभी वेयरहाउस पर ही संचालित हो सकते हैं। यदि सूची अनुमोदित हो जाती है तो इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का पूर्ण कार्य वेयरहाउस पर ही होगा। जिसमें परिवहन में बहुत अधिक सुविधा होगी।

### मौसम से बचाव

प्रशासनिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जीरो डिस्टेंस सेंटर का एक लाभ यह भी होता है कि यदि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के अंतिम दिनों में बारिश होती भी है, तो इससे खरीदी गई उपज बच जाती है। क्योंकि खरीदी होने के दौरान ही उपज को खुले परिसर से वेयरहाउस के अंदर स्टैग्स में रखने का क्रम जारी रहता है। इसलिए यदि कहीं बारिश भी हो जाती है तो खरीदी गई उपज सुरक्षित रहती है तथा पूरी गीली नहीं होती है। पूर्व के वर्षों में जब खुले में खरीदी की जाती थी तो कई बार हजारों क्विंटल उपज बरसात में खराब हो चुकी है। अतः जीरो डिस्टेंस सेंटर पर खरीदी से परिवहन का व्यय तो बचता ही है, साथ ही उपज भी सुरक्षित रहती है।

**अनुमोदन की प्रतीक्षा**

हमने जिला प्रशासन को 22 केंद्रों के प्रस्ताव की सूची भेजी है। सूची के अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है।

**अमित साहू**, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, खाद्य विभाग सोहागपुर

# एचपीवीः बालिकाओं को लगाए वैक्सीन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान में माखन नगर ब्लॉक के बागरा तवा सेक्टर में उत्साह जनक परिणाम मिल रहा है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखन नगर में 14 से 15 वर्ष की 62 बालिकाओं को वैक्सीन लगाए गए। यह टीका ह्यूमन पैपिलोया वायरस से होने वाले संक्रमण की रोकथाम में लगभग 95 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी माना जाता है, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कल्याणी यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं तथा बीएमओ ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि वह अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी का टीका अवश्य लगवाये। इस अवसर पर खंड विस्तार प्रशिक्षक भीम सिंह यादव, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नम्रता कूड़े, बीसीएम सुनील कुमार परनामे एवं समस्त स्टाफ के साथ ही समस्त सेक्टर स्टाफ बागरा तवा उपस्थित रहे।

## वर्धमान टेक्सटाइल कैंपस में 15 अभ्यर्थियों का चयन

**माखननगर।** स्थित शासकीय महाविद्यालय में वर्धमान टेक्सटाइल कंपनी द्वारा रोजगार कैंपस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. नीता चौबे एवं मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी की उपस्थिति में आयोजित इस प्रक्रिया में लगभग 155 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। कंपनी प्रतिनिधियों ने उम्मीदवारों को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी दी। प्रारंभिक चरण में 30 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, जिनमें से अंतिम रूप से 15 उम्मीदवारों का चयन किया गया। करियर प्रभारी डॉ. क्षमा मेहरा ने बताया कि ऐसे आयोजन छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष शर्मा ने किया।

# जिले में कॅमर्शियल वाहनों की फिटनेस के लिए ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय एवं परिवहन कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा एक ज्ञापन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम को सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से जिले में कमर्शियल वाहनों के फिटनेस नहीं होने के कारण वाहन मालिक बहुत परेशान है। वाहन मालिकों से कहा जा रहा है कि आपके वाहनों का फिटनेस भोपाल एटीएस में होगा। वाहन मालिकों को भोपाल आने-जाने में अनावश्यक खर्च एवं समय बर्बाद होगा। नर्मदापुरम से भोपाल की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है पिपरिया बनखेड़ी केसला एवं सुख सभा की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय एवं परिवहन प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय मिश्रा ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से यह आग्रह किया कि जब तक नर्मदा पुरम में एटीएस नहीं खुल जाता तब तक कॅमर्शियल वाहनों की फिटनेस जिले में ही की जाए।

# मप्र लागोरी संघ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बनखेड़ी में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मध्य प्रदेश लागोरी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर व सब-जूनियर लागोरी स्पर्धा का आयोजन गत दिनों हुआ। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में नीतिराज पटेल सांसद प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उनके साथ रामेश्वर जरिया, शरद पटेल, संजीव चौधरी, धीरू तिवारी, देवेंद्र उरहा, कलीराम अहिरवार, मध्य प्रदेश टारगेट बॉल संघ महा सचिव अभिषेक राजपूत, मप्र लागोरी संघ अध्यक्ष आशीष मालवीया विश्वकर्मा सोहागपुर, महासचिव आकाश बंशकार, कोषाध्यक्ष शिवम दुबे लागोरी संघ नर्मदापुरम सचिव पवन, उप सचिव हेमंत, कोच, रेफरी एवं खिलाड़ी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### ये रहे परिणाम

सब जूनियर बालिका वर्ग में विदिशा ने प्रथम, रायसेन ने द्वितीय तथा नर्मदापुरम् ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में विदिशा ने प्रथम, रायसेन ने द्वितीय एवं नरसिंहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सब जूनियर बालक वर्ग में विदिशा ने प्रथम, रायसेन ने द्वितीय तथा भोपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में विदिशा ने प्रथम, नर्मदापुरम ने द्वितीय तथा रायसेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मधुसूदन तिवारी बने ब्राह्मण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष, समिति की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित अर्जुनलाल पलिया सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित करने की रुप रेखा प्रस्तुत कर कार्यकारणी का भी गठन किया गया। हर्षित शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जयंती समारोह आयोजित किए जाने की रुप रेखा प्रस्तुत की गई। 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पहली बार समाज के द्वारा इतना बड़ा कार्य आयोजित किया जाएगा। तथा कार्यकारणी की भी घोषणा करते हुए पंडित अर्जुनलाल पलिया ने मधुसूदन तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया है। महिला कार्यकारणी की भी घोषणा की गई।

उपाध्यक्ष शैल शुक्ला, नीरजा पालीवाल, अनुराधा शर्मा, बरखा पुरोहित निशा शर्मा को उपाध्यक्ष सचिव के पद पर उपासना तिवारी सहित अन्य 6महिलाओ को सचिव पद सौंपा गया।सह सचिव के पद पर मंजू जोशी शारदा शुक्ला माया पालीवाल दीपीका पुरोहित नीता दुबे को सह सचिव तथा कोषाध्यक्ष ममता शर्मा ओजस्वी कुसुम उपाध्याय दीक्षा व्यास मीडिया प्रभारी शशि रावत को बनाया गया है। इस तरह से अलग अलग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय लिया गया।

# रसोई गैस सिलेंडर वितरण के लिए नियमों में बदलाव किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



गैस सिलेंडर वितरण को लेकर लगातार समस्या बढ़ती जा रही है। अब गैस एजेंसी के द्वारा नियम में बदलाव किया गया है। साहू गैस एजेंसी के संचालक निधि साहू ने बताया कि एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण को लेकर कंपनी ने नया बदलाव किया है।

अब 24 घंटे में गैस सिलेंडर बुक करने के लिए समय-समय निर्धारित किया गया है। सुबह 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक रात 8 बजे से रात 12 बजे तक, सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक पूरी तरह से 13 घंटे बुकिंग बंद रहेगी। 25 दिन का नया बदलाव किया गया है। इससे पहले कोशिश की तो बुकिंग निरस्त हो जाएगी। इंडेन 7718955555 पर बुकिंग होगी। भारत गैस 7715012345 मिस कॉल के लिए 8454955555 पर बुकिंग होगी। 25 दिन के पहले यदि कोशिश की तो बुकिंग निरस्त हो जाएगी। वर्तमान में आनलाइन बुकिंग करने के बाद भी गैस एजेंसी संचालक से रशीद कटाई जा रही है। 935 रुपए की टंकी रेट निर्धारित किया गया है। फिर भी इससे ज्यादा में दी जा रही है। महिलाओं को सिर पर रखकर टंकी लाना पड़ रहा है। गाड़ी बाले वितरक बुकिंग करने के बाद भी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं कर रहे हैं।

# मानसिक तनाव और थकान दूर करने इनरव्हील क्लब इटारसी की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इनरव्हील क्लब ऑफ इटारसी द्वारा केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में महिला कैदियों के लिए एक विशेष 'साउंड थेरेपी' (ध्वनि चिकित्सा) वर्कशॉप का आयोजन किया गया। क्लब की प्रेसिडेंट सविता आर साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल में निरुद्ध महिलाओं की चिंता, मानसिक तनाव और शारीरिक थकान को कम करना था।

### ध्वनि तरंगों से तनाव मुक्ति

साउंड थेरेपी स्पेशलिस्ट और ISO रीटा बवेजा ने वर्कशॉप का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विशिष्ट ध्वनि तरंगें और कंपन हमारे मस्तिष्क व शरीर पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इसके नियमित अभ्यास से कठिन परिस्थितियों में भी मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है। कार्यशाला में लगभग 40 महिला कैदियों ने हिस्सा लिया और तनाव मुक्ति के टिप्स सीखे। क्लब अध्यक्ष साहू ने कहा कि जेल में महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य करना आत्म-संतुष्टि का विषय है। इस आयोजन को सफल बनाने में जेल अधीक्षक और नमिता खंडेलवाल का विशेष सहयोग रहा।

# शहीद दिवस पर अभाविप ने की श्रद्धांजलि सभा आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखननगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी स्मृति महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं चिंतन संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विभाग संयोजक मृदुल नाथ चौहान ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आजादी उनके त्याग का परिणाम है। प्राध्यापक धर्मेंद्र चौहान ने संचालन किया तथा राघव उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का पंचम दिवस

# भावुक हुई अयोध्याः राजतिलक की जगह मिला वनवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



संपूर्ण नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस वर्ष श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। पंचम दिवस की कथा में व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि जिस नगरी में कल तक उत्सव की तैयारिया हो रही थीं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्याभिषेक की प्रतीक्षा थी, आज वहां का कोना-कोना सिसकियों और आंसुओं से भर गया है। रघुकुल की रीति और पिता के वचनों को निभाने के लिए राजकुमार राम ने स्वेच्छा से 14 वर्ष के वनवास को स्वीकार कर लिया है। उनके साथ माता सीता और अनुज लक्ष्मण ने भी राजसी सुखों का त्याग कर वन गमन का मार्ग चुना है। राजा दशरथ ने धर्मसंकट में घिरते हुए भी 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचनु न जाई' की परंपरा को अक्षुण्ण रखा। जब श्री राम को वनवास की सूचना मिली, तो उनके चेहरे पर तनिक भी शिकन या दुःख नहीं था। उन्होंने इसे विधाता का विधान और पिता की आज्ञा मानकर सहर्ष स्वीकार किया। उनके इस धैर्य ने उपस्थित जनसमूह को चकित कर दिया। श्रीराम ने कहा, पिता के वचनों की रक्षा करना ही पुत्र का परम धर्म है। राजकुमार राम अकेले वन नहीं जा रहे हैं। माता सीता ने पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए महलों के ऐश्वर्य को ठुकरा कर कांटों भरी राह को चुना। वहीं, लक्ष्मण जी ने भी भाई के प्रति अपनी अटूट भक्ति दिखाते हुए उनके साथ वन जाने का निर्णय लिया। तीनों विभूतियों ने राजसी वस्त्राभूषण त्याग कर वल्कल वस्त्र (तपस्वी वेश) धारण कर लिए हैं। जब श्री राम का रथ महल के द्वार से बाहर निकला, तो पूरी अयोध्या उनके पीछे दौड़ पड़ी। सरयू तट तक उमड़े जनसैलाब की आँखों में अश्रुधारा थमती नहीं दिख रही थी। हर नागरिक अपने प्रिय राजकुमार को रोकने का प्रयास कर रहा था, किंतु श्रीराम अपनी सत्यनिष्ठा पर अडिग रहे। महाराज श्री ने वनवास गमन की पूरी कथा मार्मिक रूप से विस्तार से श्रोताओं को सुनाई। आयोजन समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, देवेंद्र पटेल, एमएल गौर, दिनेश सैनी, प्रहलाद बंग, सुरेंद्र सिंह ठाकुर(बबली), आभा ठाकुर, नरेंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल सेमरी वाले, अग्रवाल समाज इटारसी, जैन समाज के पदाधिकारियों सहित समिति पदाधिकारियों ने महाराज श्री का व्यासपीठ पर पूजन एवं स्वागत किया।

# मारपीट के आरोपी सन्नी लालवानी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के एसबीआई चौक पर सिंधी समाज के पदाधिकारियों से अभद्रता करने वाले सन्नी लालवानी पर पुलिस का डंडा चला है। रविवार शाम एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज और समाज के पदाधिकारियों से अभद्रता के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 7:15 बजे पंजाबी मोहल्ला निवासी जितेंद्र मिहानी अपनी स्कूटी से एसबीआई चौक से गुजर रहे थे। तभी एलकेजी कॉलोनी निवासी सन्नी लालवानी ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें बीच सड़क पर रोक लिया। आरोपी ने न केवल जितेंद्र के साथ अभद्रता की, बल्कि उनकी स्कूटी पर लात मारकर जान से मारने की धमकी भी दी। सन्नी लालवानी की हरकतों से त्रस्त पूज्य पंचायत सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल लगातार दो दिनों से पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर रहा था। समाज के पदाधिकारियों ने लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी सन्नी लालवानी आदतन अपराधी है और शासन द्वारा 'बाउंड ओवर' होने के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। आरोप है कि वह समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर रोककर गाली-गलौज करता है। सोशल मीडिया पर समाज के खिलाफ अनर्गल, झूठी और अपमानजनक पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। समाज विरोधी गतिविधियों के कारण उसे पहले ही समाज से निष्कासित किया जा चुका है। समाज के आक्रोश और रविवार की घटना की गंभीरता को देखते हुए इटारसी पुलिस ने तत्काल कदम उठाया। पुलिस ने जितेंद्र मिहानी की शिकायत पर मारपीट और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज किया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी सन्नी लालवानी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### नपा उपाध्यक्ष ने फायर ब्रिग्रेड को हरी झंडी दिखाई

**हरदा।** नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने एवं पार्षदो द्वारा नई फायर ब्रिगेड (दमकल) का विधिवत पूजा-अर्चना कर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह फायर गाड़ी लगभग 23 लाख रुपए से खरीदी गयी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि इस नए दमकल वाहन नगर की छोटी छोटी गलियों में आसानी से जा सकती है। आगजनी जैसी आपात स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी। इससे शहर की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। नगर पालिका द्वारा लगातार नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पार्षद लोकेश राव मराठा, मनोज महलवार,सुनील बघेला, राजू कमेडिया, कैलाश कुचबंदिया, मुख्यनगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पोखरनी में जल महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**हरदा।** ग्राम पोखरनी में गत दिवस जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एफ टी के प्रशिक्षण दिया गया व जल संरक्षण के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की गई। कार्यक्रम उपरांत पम्प आपरेटर व जल गुणवत्ता परीक्षण महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजकिशोर साहू, शिवराज राजपूत व सुशील मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### आरटीई : 2 अप्रैल को लॉटरी से चयन

**सीहोर।** आरटीई के तहत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 28 मार्च तक किए जा सकेंगे। इसके बाद 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से चयन होगा। इस तरह इस प्रक्रिया में एडमिशन होगा। निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू हो गए थे। निजी स्कूलों में बच्चों को निशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आरटीई पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। समय सारिणी के अनुसार निशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीटें पोर्टल पर दिखाई दे रही हैं। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता संबंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का मौका भी मिलेगा। 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आरटीई में निशुल्क प्रवेश के लिए जिस कैटेगरी में प्रवेश चाहा है, उस कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जाएगा।

### शहीद दिवस के उपलक्ष्य में श्रमदान किया

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, केंद्र के निर्देशानुसार उप निदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में माय भारत सीहोर के अंतर्गत हिताय यूथ क्लब के सहयोग से युवाओं ने शहीद दिवस के उपलक्ष्य में श्रमदान कर सामाजिक सरोकार, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट भावना का परिचय दिया। संयुक्त बालक छात्रावास परिसर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक परिसर सहित शहीद भगत सिंह उपवन की सफाई की।

---

### समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए

# नरवाई जलाने वालों से अर्थदंड वसूला जाए रसोई गैस की आपूर्ति सुलभ रहेः कलेक्टर

**सड़क निर्माण से संबंधित विभाग सड़कों के गड्ढे भरें**



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी यदि नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आती है तो दोषियों से अर्थदंड वसूला जाए।

उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों के संबंध में जागरूकता लाने के लिये किसानों की चौपालें आयोजित करने के लिये भी कहा है। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में रसोई गैस की सुलभ आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि उपभोक्ताओं को असुविधा न हो। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र के कचरे में आग न लगे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिये नगरीय क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर प्रत्येक वार्ड में फागिंग मशीन से धुआं छोड़ा जाए। उन्होने सड़क निर्माण से संबंधित विभागों से सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिये। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, विभागीय योजनाओं व राजस्व कार्यों की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।


#### भीषण गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए कलेक्टर ने जारी किए सख्त निर्देश

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने उन गांवों और बसाहटों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं जहाँ पिछले वर्षों में पानी की भारी किल्लत रही है। उन्होने इन ‘समस्या मूलक’ गांवों की सूची तैयार कर वहां विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत जिन गांवों में घरेलू नल कनेक्शन पहुंच चुके हैं, उनकी वर्तमान स्थिति का भी आकलन करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर जैन ने निर्देशित किया है कि बंद पड़े हैंडपंपों को सुधारने के लिए किसी भी शिकायत के 24 घंटे के भीतर हैंडपंप दुरुस्त किए जाएं। सिंगल फेज विद्युत मोटरपंपों के चालू या बंद होने का नियमित सत्यापन किया जाए ताकि बिजली की कमी या तकनीकी खराबी से जलापूर्ति न रुके। पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी स्त्रोतों का नियमित क्लोरीनेशन सुनिश्चित किया जाए। जिन गांवों में पेयजल का कोई अन्य स्त्रोत नहीं हो, वहां अंतिम विकल्प के रूप में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुँचाने की योजना बनाई जाए। इसके लिए निजी जल स्त्रोतों के अधिग्रहण की कार्रवाई भी की जा सकती है। पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सी.एम. हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और जनपद पंचायत के अधिकारियों को हर 15 दिन में बैठकों का आयोजन कर स्थिति का जायजा लेने को कहा गया है। कलेक्टर श्री जैन ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी नागरिक को पानी के लिए परेशान न होना पड़े।

---

### 800 मीटर लंबे ओवर ब्रिज की जरूरत नहीं

# साढ़े 7 चौड़ा व 400 मीटर लंबा छोटा ओवर ब्रिज बने



**खिरकिया।** शहर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण स्थल को लेकर असमंजस का माहौल है। सोमवार को प्रवीण अग्रवाल पूनम चंद गुप्ता महेंद्र खनूजा समेत अन्य व्यापारी और नागरिक एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया पर आपत्ति दर्ज कराई।

आपत्ति दर्ज करने वालों का कहना था कि ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर हरदा कलेक्टर द्वारा धारा 4 का प्रकाशन बीते दिनों किया गया है लेकिन ब्रिज का जो रास्ता तय किया गया है उसमें शहर का एक बड़ा नुकसान है। 12 मीटर चौड़े और 800 मीटर लंबे ओवर ब्रिज की जरूरत शहर में नहीं है इसकी बजाए साढ़े 7 मीटर चौड़ा एवं 400 मीटर लंबा एक छोटा ओवर ब्रिज शहर में बनाया जाए ताकि शहर की आबादी प्रभावित न हो आम नागरिक छोटे बच्चे आसानी से छोटे ब्रिज को क्रॉस करके शहर के दूसरे हिस्से में आ जा सके। जन संघर्ष समिति के प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में बड़ी मैदान से जो एक बड़ा ब्रिज बनाया जा रहा है उसका शहर में कोई औचित्य नहीं है। ब्रिज का एलाइनमेंट एरिया चेंज करके या तो छोटा ब्रिज बनाया जाए या फिर ब्रिज का नक्शा चेंज किया जाए। वार्ड क्रमांक 10 में स्थित एमपीईबी ऑफिस से अग्रवाल धर्मशाला से होते हुए फॉरेस्ट एरिया से रेल्वे पटरियों को क्रास करते हुए हुसैनी चौक तक ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए । इसके अलावा दो अन्य विकल्प समिति द्वारा बताए गए हैं ।

प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देने के बाद हरदा कलेक्टर से मिलने भी पहुंचे थे। हरदा कलेक्टर द्वारा बताया गया है कि धारा 6 के अंतर्गत आने वाले दिनों में एक बैठक भी बुलाई जाएगी जिसमें सभी ओवर ब्रिज निर्माण के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे सभी प्रभावितों एवं अन्य नागरिकों को बुलाया जाएगा जो अपनी बात बैठक में रख सकते हैं। यह भी बताया गया कि आगामी 26 मार्च को ब्रिज कारपोरेशन के एसडीओ गिरीश हिगवे हरदा पहुंच रहे हैं जिनके साथ प्रभावितों की एक मीटिंग भी बुलाई गई है।

---

## भूकंप की पूरी तैयारी व क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत 5 दिवसीय प्रशिक्षण देना शुरू किया गया



**हरदा।** भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के नेतृत्व में भूकम्प आपदा जोखिम प्रबन्धन एवं ध्वस्त संरचना, खोज एवं बचाव का 5 दिवसीय प्रशिक्षण 23 मार्च सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में हरदा जिले के महाविद्यालय के प्रोफेसर, प्राचार्य, विद्यालय के प्रतिनिधि, ग्रामीण व शहरी निकाय के अधिकारी एवं राष्ट्रीय केडेट कौर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालेन्टियर एवं स्वयं सेवी संगठन के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने किया। प्रशिक्षण में प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा जे.एल. कोठारी, जिला चिकित्सालय हरदा से डॉ. नवीन कुमार जैन, प्लाटून कमाण्डर जबलपुर संदीप चौधरी ने भूकम्प आपदा जोखिम प्रबन्धन एवं ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव तथा प्रथमोपचार विषय पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण में प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा जे.एल. कोठारी, हवलदार दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर, होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# शिशु मंदिर में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे करेंगे स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई, 15 इन्ट्रेक्टिव पैनल दान में मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विद्या भारती ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा माधव ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला हरदा द्वारा संचालित विद्यालयों में आधनिक शिक्षण पध्दति द्वारा पढ़ाई होगी। इसके लिए मझगाँव डाक सिपविल्डर्स लिमिटेड कंपनी मुम्बई द्वारा 15 इन्ट्रेक्टिव पेनल उरफ फंड से दिए गए। ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाले सरस्वती शिशु मंदिरों में भी आधुनिक शिक्षा संसाधनों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा सकेगी। पेनल का लोकार्पण कार्यक्रम ग्राम भारती जिला कार्यालय पर रखा गया।

जिसमें सुजीत शर्मा, अध्यक्ष ग्राम भारती मध्यभारत प्रांत, चन्द्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख ग्राम भारती मध्यभारत प्रांत, विवेक भुस्कुटे इंडिपेंडेंट डायरेक्टर मझगांव डाक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई, अनिरूध्द तंवर सह झ सचिव ग्राम भारती मध्य भारत प्रांत, हरिशंकर सैनी विभाग प्रभारी ग्राम भारती नर्मदापुरम, रामप्रताप सिंह राजपूत जिला प्रभारी, संदीप केकरे ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजल्लन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ विवेक भुस्कुटे ने कहा कि मझगाँव शिपबिल्डर्स कंपनी के बारे में जानकारी देते हुए पेनल की विशेषताओं से अवगत कराया। चन्द्र हंस पाठक द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा पध्दति के आधार पर शिक्षण कार्य कराया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में पढने वाले छात्र छात्रए भी ए आई के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के अन्तर्गत शिक्षा प्राप्त कर सकेगें साथ ही पेनल विशेषता व उपयोग के बारे में बताया। सुजीत शर्मा द्वारा श्री बिल्डर्स कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए पेनल की विशेषताओं पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में आभार अनिरूध्द जी तंवर द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यकम में जिला समिति सदस्य विद्यालयों के संयोजक प्रधानाचार्य बन्धु/भगिनी व आचार्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी योगेश माकवे द्वारा दी गई।

### हरदा जिले को दो एंबुलेंस लोकार्पित



मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड़ द्वारा उरफ फंड के अंतर्गत हरदा जिले की रोगी कल्याण समिति को 70 लाख रुपए मूल्य की दो एंबुलेंस प्रदान की गई। जिले को प्राप्त इस सौगात के लिए वक्ताओं ने कंपनी के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर डॉ विवेक अतुल भुस्कुटे का आभार माना। डॉ भुस्कुटे ने बताया की इन दोनों एंबुलेंस में से एक टिमरनी के वनवासी अंचल के लिए सुविधाजनक होगी तो वहीं दूसरी एम्बुलेंस जिला अस्पताल हरदा के उपयोग में आएगी। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस लोकार्पण कार्यक्रम में सीएमएचओ हरदा डॉ एच.पी. सिंग, समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अतुल गोविंद भुस्कुटे , भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, सरस्वती शिक्षा मंडल टिमरनी के सचिव आनंद मुजुमदार, किराना व्यवसायी एवं समाजसेवी अनिल जैन, बीएमओ,टिमरनी डॉक्टर चौरे ,सहित नगर से पधारे समाजसेवी महिला एवं पुरुषों की उपस्थिति में हरदा जिले को यह सौगात मिली।

---

## फूलों की होली के बीच गूंजा गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती



**सीहोर।** गणगौर पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को राठौर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेश में सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती के रूप ईसर-गणगौर को सजाकर सिर पर रख चल समारोह निकाला।

चल समारोह की शुरूआत गंज स्थित राठौर धर्मशाला से हुई। क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए गाजे बाजे के साथ महिलाएं वीर दुर्गादास राठौर पार्क पहुंची। जहां पर विधिवत पूजन किया। समापन पर गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती जैसे लोकगीतों से क्षेत्र गूंज उठा। महिलाओं ने एक साथ पूजा-अर्चना कर झालों के साथ भजन-कीर्तन कर जमकर फूलों की होली भी खेली। राठौर समाज महिला अध्यक्ष सविता राठौर ने बताया कि हर साल उत्साह के साथ गणगौर पर्व मनाते है। समाज की सभी महिलाएं मिलकर गणगौर निकालती है। इस अवसर पर अध्यक्ष सविता अविनाश राठौर, कोषाध्यक्ष कामनी राठौर, महामंत्री पुष्पलता राठौर, शशि राठौर, रूपाली, तनु, सजनी, ममता, सीमा, संध्या, सीमा, मुकेश, गिरजा, रानी, शोभा, सावित्री, विमला, ममता, नेहा, रचना, प्रीति, ओमबत्ती, उमा, कविता, निक्की, सीमा, मुन्नी आदि मौजूद थीं।

---

### जिलाध्यक्ष व नगरध्यक्ष ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया

# जिला कांग्रेस का ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर यूथ कांग्रेस द्वारा अन्यायपूर्ण इंडो यूएस ट्रेड डील के विरोध में शहर में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम शाम 6 बजे जयस्तंभ चौक से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, युवक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके बलिदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। आज उनके शहादत दिवस पर हम सभी को उनके विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए अन्याय एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की जा रही नीतियां देश के किसानों, युवाओं, व्यापारियों और आम जनता के हित में नहीं हैं, जिसके विरोध में कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी।

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने कहा कि युवा देश की ताकत है और जब भी देश के हितों पर आंच आएगी, युवक कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि अन्यायपूर्ण ट्रेड डील देश के छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य पर प्रभाव डाल सकती है, इसलिए इसका विरोध करना जरूरी है। नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा शहीदों के आदर्शों पर चलकर जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है, लेकिन कांग्रेस पार्टी आमजन के साथ खड़ी है और आगे भी संघर्ष जारी रखेगी।

इसके पश्चात मशाल जुलूस जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर आरएमएस चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन के सामने से निकला और पुनः जयस्तंभ चौक पर आकर समाप्त हुआ। रैली के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में मशाल, कांग्रेस के झंडे एवं पोस्टर लेकर चल रहे थे। पोस्टरों पर भाजपा सरकार के विरोध में नारे लिखे हुए थे। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, लोकतंत्र की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठजन, युवक कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदगण, विभिन्न संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### 7 महीने पहले आत्महत्या की कोशिश की थी

# महिला सब इंजीनियर की संदिग्ध हालात में मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला सब इंजीनियर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह सिद्धि विनायक कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थीं। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में तीन डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक, पीएचई विभाग में कार्यरत ज्योति महोबिया 6 अगस्त 2025 को जहरीली दवा खाकर आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थीं। उस समय उन्हें बेहोशी की हालत में पहले जिला अस्पताल और फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ज्योति महोबिया मूल रूप से बैतूल जिले के पाढर की रहने वाली थीं और तलाकशुदा थीं। उनकी नियुक्ति साल 2014 में पीएचई विभाग में हुई थी। वह आठ साल से हरदा कार्यालय में अटैच थीं। एक साल पहले ही उनकी हरदा में स्थाई नियुक्ति हुई थी।

**एक दिन पहले ही गांव से लौटी थीः** एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि शनिवार शाम को ही ज्योति अपने गांव से हरदा लौटी थीं। उन्हें छोड़कर उनके भाई वापस चले गए थे। रविवार शाम को ज्योति के परिजन ने लगातार मोबाइल पर उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद परिजन ने पड़ोस में रहने वाले लोगों से संपर्क किया। पड़ोसियों ने जब जाकर देखा तो दरवाजा बंद था। उन्होंने मकान मालिक को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में दरवाजा खोला तो ज्योति पलंग पर बेसुध हालत में पड़ी मिलीं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि मकान में मिले तथ्यों के आधार पर यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। फिलहाल सिटी कोतवाली थाना पुलिस और नर्मदापुरम से आई फोरेंसिक टीम मकान से सबूत जुटा रही है। पुलिस कमरे की तलाशी ले रही है, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने कोई सुसाइड नोट या अन्य कोई दस्तावेज छोड़ा है या नहीं।